Total number of printed pages–8

14 (HIN–1) 1055

2021

(Held in 2022)

HINDI

Paper : HIN–1055

(New Syllabus & Old Syllabus)

(Bhāratīya Kāvyashāstra)

(भारतीय काव्यशास्त्र)

Full Marks : 64

Time : Three hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

New Syllabus

1. सही विकल्प का चयन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) "जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञानदशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की यह मुक्तावस्था रसदशा कहलाती है।" —यह कथन किस विद्वान का है?

(i) डॉ० नगेन्द्र

(ii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

Contd.

(iii) बाबू गुलाबराय

(iv) डॉ० आनन्दप्रकाश दीक्षित

(ख) हास्य रस का स्थायी भाव है —

(i) उत्साह

(ii) आश्चर्य

(iii) हास

(iv) रति

(ग) "न हि रसादृते कश्चिदज्यर्थः प्रवर्त्तते।"—यह कथन किस आचार्य का है?

(i) आचार्य द्रुहिण

(ii) आचार्य भट्टनायक

(iii) आचार्य भोजराज

(iv) आचार्य भरतमुनि

(घ) 'साहित्यदर्पण' के रचयिता आचार्य विश्वनाथ का आविर्भाव-काल क्या है?

(i) 14वीं शती

(ii) 13वीं शती

(iii) 12वीं शती

(iv) 15वीं शती

(ङ) 'ध्वन्यालोक' नामक ग्रंथ के रचयिता कौन हैं?

(i) अभिनवगुप्त

(ii) महिमभट्ट

(iii) आनन्दवर्धन

(iv) मम्मट

(च) 'उनका घर अच्छा है।' — यहाँ 'घर' शब्द में प्रयुक्त ध्वनि का नाम है —

(i) अर्थान्तर संक्रमित वाच्य ध्वनि

(ii) अत्यन्त तिरस्कृत वाच्य ध्वनि

(iii) संलक्ष्यक्रम व्यंग्य ध्वनि

(iv) असंलक्ष्यक्रम व्यंग्य ध्वनि

(छ) "चरन-सरोज पखारन लागा।" — यहाँ 'चरन-सरोज' में किस अलंकार की योजना हुई है?

(i) काव्यलिंग

(ii) प्रतीप

(iii) व्यतिरेक

(iv) रूपक

(ज) आचार्य भामह का आविर्भाव-काल माना जाता है —

(i) पाँचवीं शती

(ii) सातवीं शती

(iii) छठी शती

(iv) आठवीं शती

(झ) "कोऊ कोरिक संग्रहौ, कोऊ लाख हजार।" — यहाँ कौन-सा काव्य-द्वोष है?

(i) संदिग्धत्व

(ii) ग्राम्यत्व

(iii) क्लिष्टत्व

(iv) दुष्क्रमत्व

(ञ) "रसो वै स:" — यह कथन किस उपनिषद का है?

(i) ऐतरेय

(ii) तैत्तिरीय

(iii) छान्दोग्य

(iv) वृहदारण्यक

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अत्यन्त संक्षेप में दीजिए : 2×7=14

(क) 'चित्र-तुरग-न्याय' का आशय क्या है?

(ख) सात्विक अनुभाव किसे कहते हैं?

(ग) 'सत्वोद्रेक' का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

(घ) लक्षणा शब्दशक्ति किसे कहते हैं?

(ङ) 'रस-ध्वनि' से आप क्या समझते हैं?

(च) काव्यशास्त्र के सन्दर्भ में ध्वनि की एक परिभाषा दीजिए।

(छ) एक उदाहरण के साथ अनुप्रास अलंकार को स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) रस के महत्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) अवर काव्य के स्वरूप पर विवेचन कीजिए।

(ग) यमक और श्लेष अलंकारों का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(घ) औचित्य की अवधारणा का खुलासा कीजिए।

Contd.

(ङ) आचार्य अभिनवगुप्त द्वारा प्रस्तुत रस-निष्पत्ति-विषयक मत की समीक्षा कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं तीन*** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) रस की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए स्थायी भाव, विभाव और संचारी भाव के स्वरूप का खुलासा कीजिए।

(ख) साधारणीकरण के स्वरूप पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(ग) गुणीभूतव्यंग्य काव्य के भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(घ) अलंकार-सम्प्रदाय का ऐतिहासिक परिचय दीजिए।

(ङ) आचार्य कुन्तक-सम्मत वक्रोक्ति के छः प्रमुख भेदों पर सोदाहरण चर्चा कीजिए।

(च) काव्य या कविता की परिभाषा देते हुए अलग-अलग काव्य-भेदों का परिचय दीजिए।

Old Syllabus

1. रस-सम्प्रदाय का ऐतिहासिक परिचय प्रस्तुत कीजिए। 12

अथवा

आचार्य विश्वनाथ द्वारा विनिर्दिष्ट रस के स्वरूप का खुलासा कीजिए।

2. ध्वनि का आशय स्पष्ट करते हुए ध्वनि के तारतम्य के आधार पर बनने वाले काव्य के तीनों भेदों पर सम्यक् प्रकाश डालिए। 12

अथवा

ध्वनि-विरोधी अभिमतों पर सटीक चर्चा कीजिए।

3. काव्य के सन्दर्भ में अलंकार की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उपमा, उत्प्रेक्षा और अतिशयोक्ति अलंकारों पर सोदाहरण विचार कीजिए। 12

अथवा

अलंकार की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए शब्द और अर्थ के चमत्कार के आधार पर अलंकारों के वर्गीकरण पर उदाहरण-सहित विवेचन कीजिए।

4. वक्रोक्ति-सम्प्रदाय को आचार्य कुन्तक की देन का मूल्यांकन कीजिए। 12

अथवा

वक्रोक्ति के प्रमुख भेदों का उल्लेख करते हुए प्रबन्ध-वक्रता पर सविस्तार प्रकाश डालिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं चार*** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) भरतमुनि के रस-सूत्र की व्याख्या प्रस्तुत कीजिए।

(ख) रस-निष्पत्ति के सन्दर्भ में साधारणीकरण की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(ग) काव्यशास्त्रीय विवेचन के सन्दर्भ में 'औचित्य' तत्व के महत्व को रेखांकित कीजिए।

(घ) उपमा और रूपक अलंकारों के अन्तर बताइए।

(ङ) स्वभावोक्ति क्या है?

(च) कवि-स्वभाव पर सटीक प्रकाश डालिए।

(छ) शब्द और अर्थ का सम्बन्ध निरूपित कीजिए।

(ज) अलंकार-सम्प्रदाय को आचार्य भामह के योगदान पर चर्चा कीजिए।